**Regarding progress of Smart City projects in Bihar.-laid**

श्री कौशलेन्द्र कुमार **(**नालंदा**) :** सरकार द्वारा 15 जून, 2015 को 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की थी । इस योजना में गरीबों को किफायती आवास उपलब्ध करना, पैदल यात्री संस्कृति को बढ़ावा देना, यातायात प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, 24 घंटे बिजली आपूर्ति के साथ-साथ विश्वस्तरीय सुविधाओं को देने की परिकल्पना की थी । इस योजना को 2023 तक बढ़ा दिया गया था । बिहार शरीफ को 5 वाँ एक्सटेंशन मार्च, 2025 दिया गया था जो पूरा हो रहा है, किन्तु मात्र 30 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है । शहर में यातायात प्रबंधन सिस्टम नहीं है । रामचन्दरपुर में यात्रियों को वही परेशानी है । दोनों एनएच पर जाम की स्थिति वैसे ही है । फ्लाईओवर अभी तक अधूरा ही है । पूरे शहर में गंदगी के कारण लोग परेशान हैं । अतः मंत्री जी से आग्रह है कि बिहार शरीफ के साथ-साथ पटना, मुजफ्फरपुर और भागलपुर के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने का आदेश दें ।